राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**

मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द से राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 28 अगस्त 2018

आज महामहिम राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द से महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने राष्ट्रपति भवन पहुँचकर शिष्टाचार मुलाकात की।

महामहिम राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द को राज्यपाल श्री टंडन ने पुष्पगुच्छ देकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को अपने द्वारा लिखी गई पुस्तक 'अनकहा लखनऊ' भी समर्पित किया।

राष्ट्रपति ने राज्यपाल को 'भारतीय संविधान' की एक प्रति प्रदान की।

ज्ञातव्य है कि कल 27 अगस्त की शाम राज्यपाल ने 7, लोक कल्याण मार्ग जाकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से भी शिष्टाचार मुलाकात की थी।

राज्यपाल श्री टंडन ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह से भी शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया।

बाद में राज्यपाल श्री टंडन ने आज पूर्व उप प्रधान मंत्री व पूर्व गृहमंत्री वरिष्ठ राजनेता श्री लालकृष्ण आडवाणी से भी मुलाकात की।

राज्यपाल श्री टंडन विगत 23 अगस्त, 2018 को बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ–ग्रहण करने के बाद, पहली बार कल 27 अगस्त को नई दिल्ली गए हैं, जहाँ उन्होंने इन सभी नेताओं से मुलाकात की।

....